# निर्वाचन आयोग ने रोका रायथू भरोसा योजना का भुगतान

**स्रोत: द हिंदू**

हाल ही में **भारत के निर्वाचन आयोग (ECI)** ने राज्य में **लोकसभा** चुनाव के लिये मतदान पूरा होने तक **रायथु भरोसा** (जिसे पहले रायथु बंधु के नाम से जाना जाता था) के तहत किसानों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता राशि के वितरण पर रोक लगा दी है।

- तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक रूप से **रायथु भरोसा** के तहत आगामी संवितरण के बारे में घोषणा करके **आदर्श आचार संहिता (MCC)** का उल्लंघन किया।
- **MCC** चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के आचरण को विनियमित करने के लिये ECI द्वारा जारी दिशानिर्देशों का एक समूह है।
- संविधान का **अनुच्छेद 324** ECI को **संसद** और **राज्य विधानसभाओं** दोनों के लिये **निष्पक्ष चुनावों** की देखरेख एवं संचालन सुनिश्चित करने का अधिकार देता है।
- **'रायथु भरोसा' योजना जून 2019 में तेलंगाना सरकार द्वारा शुरू की गई नौ नवरत्न कल्याण योजनाओं में से एक है।**
- यह योजना राज्य भर के किरायेदार किसानों सहित हर साल प्रति किसान परिवार को 13,500 रुपए वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

**और पढ़ें:** **आदर्श आचार संहिता (MCC)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ec-stops-release-of-aid-under-rythu-bharosa-scheme